<u>अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/ईमेल द्वारा</u>

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2026/५८२ **लखनऊः दिनांकः-** २५ **/04/2026**

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म Student Login के माध्यम से भराये जाने हेतु अवसर प्रदान किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा, मई-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म **Student Login** के माध्यम से भराये जाने हेतु पूर्व में पोर्टल खोला गया था एवं आपको निर्देशित किया गया था कि अपनी संस्था के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म समयान्तर्गत भराते हुए परिषद पोर्टल पर परीक्षाफार्म अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर मई-2026 परीक्षा से संबंधित कतिपय छात्र/छात्राऐं परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि तक नहीं भर पाये हैं। अतः छात्रहित के दृष्टिगत पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षाफार्म भरने एवं शुल्क का भुगतान करने हेतु **दिनांक 25/04/2026 को** पोर्टल खोला जा रहा है। साथ ही संस्था द्वारा परीक्षाफार्म अग्रसारित करने की दिनांक 26/04/2026 तक निर्धारित की जाती है।

निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म समयान्तर्गत भराते हुए परिषद पोर्टल पर परीक्षाफार्म अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। दिनांक 26/04/2026 की मध्यरात्रि के पश्चात पोर्टल स्वतः बंद कर दिया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात यदि कोई छात्र/छात्रा परीक्षाफार्म भरने एवं अग्रसारित किये जाने से वंचित रहता है, इसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित छात्र/छात्रा एवं संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा। शेष दिशा-निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

भवदीय

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0 प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2026/५८३-८७ **तद्दिनांकः-** २५ **/04/2026**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ, महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 24-04-2026
12:56:59

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।